दिनांक 2 मार्च 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मांस विक्रय के लिए प्रतिबंधित दिवस महाशिवरात्रि के दिन मछली एवं मटन मार्केट की कुछ दुकानें खुली मिली, भिलाई निगम ने की कार्रवाई, दुकानों को करवाया बंद

भिलाई नगर/ महाशिवरात्रि के दिन 1 मार्च मंगलवार को पशु वध गृह , जीव हत्या एवं समस्त मांस विक्रय केंद्र निगमायुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर बंद रखा गया था। परंतु जब निगम की टीम ने निरीक्षण किया तो सेक्टर 6 एवं सुपेला लक्ष्मी मार्केट की कुछ दुकानें खुली हुई मिली। टीम जैसे ही पहुंची तो दुकानदार अपने दुकानें बंद करके चले गए। निगम के कर्मचारियों ने समझाइश दी की प्रतिबंधित दिवस को मांस विक्रय की दुकानें बंद रहनी चाहिए। टीम में अंजनी सिंह और अन्य कर्मचारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम के पहुंचने पर कई लोगों ने अपने दुकानों का शटर बंद करके तत्काल घर की ओर रवाना हुए। निगम की टीम ने पूरे शहर का निरीक्षण मांस विक्रय प्रतिबंधित दिवस को लेकर किया। इस दौरान छुटपुट दुकानें मांस विक्रय की खुली मिली तथा कुछ पसरा लगाकर मांस विक्रय करते हुए मिले। इनकी दुकानें बंद करा कर सभी को आदेश का पालन करने की चेतावनी के साथ छोड़ा गया। कुछ मांस विक्रय करने वाले दुकानदार आधा शटर खोलकर मांस विक्रय कर रहे थे उनके दुकान को पूर्ण रुप से बंद कराया गया।